NOTE 4.—A candidate who, after submitting his application to his department, is transferred to other department/ office, will be eligible to compete under departmental age concession for the service for which he would have been eligible, but for his transfer, provided his application has been forwarded by his parent department.";

(b) in rule 7, in sub-rule (1), for the proviso, the following proviso shall be substituted, namely:—

"Provided that candidates belongi to the Scheduled Castes or the Scheduled Tribes may, to the extent the number of vacancies reserved for the Scheduled Castes and the Scheduled Tribes cannot be filled on the basis of the general standard, be recommended by the Commission by a relaxed standard to make up the deficiency in the reserved quota, subject to the fitness of these candidates for appointment to the Services/ posts irrespective of their ranks in the order of merit at the examination.".

[No. 35/9/61-ESI.]
S. S. KSHETRY, Under Secy

पूर्ति विभाग

नई दिल्ली, 18 फरवरी, 1972

जी०एस०आर० 397.—भारतीय पूर्ति सेवा (श्रेणी–1) नियम, 1961 के नियम 11 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार, संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करने के बाद भारतीय पूर्ति सेवा (श्रेणी–1–प्रतियोगिता परीक्षा द्वारा भर्ती) नियम, 1963 में और आगे संशोधन करने के लिए, एतद्द्वारा निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :—

1. (1) ये नियम भारतीय पूर्ति-सेवा (श्रेणी–1–प्रतियोगिता परीक्षा द्वारा भर्ती) संशोधन नियम, 1972 कहे जा सकेंगे ।

(2) ये शासकीय राजपत्र में अपने प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त हो जाएंगे ।

2. भारतीय पूर्ति सेवा (श्रेणी–1–प्रतियोगिता परीक्षा द्वारा भर्ती) नियम 1963 में—

(क) नियम 4 में—

(i) "राष्ट्रिकता" से सम्बन्धित शर्त (i) में परन्तुक और उसके उप पैरों के लिए निम्नलिलखित प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"शर्त यह है कि वर्ग (ग), (घ), (ङ) और (च) से सम्बन्धित उम्मीदवार कोई ऐसा व्यक्ति होगा, जिसके लिए पात्रता का प्रमाणपत्र भारत सरकार द्वारा जारी किया गया हो ।

कोई भी उम्मीदवार जिसके लिए पात्रता का प्रमाणपत्र आवश्यक हो, उसे उस शर्त पर परीक्षा में बैठने की अनुमति दी जा सकती है, और उसे अस्थायी रूप से नियुक्त भी किया जा सकता है कि उसे सरकार द्वारा आवश्यक प्रमाणपत्र दिया जा रहा है ।";

(ii) आयु सीमा से सम्बन्धित शर्त (ii) में टिप्पणी 3 और टिप्पणी 4 के लिए निम्नलिखित टिप्पणी प्रतिस्थापित की जाएगी, अर्थात् :—

टिप्पणी 3—किसी भी व्यक्ति की उम्मीदवारी को, जिसे खण्ड (ख) या (ग) में उल्लिखित आयु में छूट के अन्तर्गत परीक्षा में प्रविष्ट किया जाता है, रद्द कर दिया जाएगा, यदि वह अपना आवेदन-पत्र देने के पश्चात् परीक्षा देने से पूर्व या बाद में सेवा से त्याग पत्र दे देता है अथवा उसकी सेवाएं उसके विभाग/कार्यालय द्वारा समाप्त कर दी जाती हैं । परन्तु, यदि आवेदन-पत्र देने के पश्चात् उसकी सेवा अथवा पद से छंटनी हो जाती है तो वह पात्र बना रहेगा ।

टिप्पणी 4—कोई उम्मीदवार, जिसका अपने विभाग को आवेदन-पत्र प्रस्तुत करने के पश्चात् किसी अन्य विभाग।कार्यालय में स्थानान्तरण हो जाता है, उक्त सेवा के लिए विभागीय आयु छूट के अन्तर्गत प्रतियोगिता में भाग लेने का पात्र होगा, जिसके लिए वह उस स्थिति में पात्र हुआ होता यदि उसका स्थानान्तरण न हुआ होता, बशर्ते कि उसका आवेदन-पत्र उसके मूल विभाग द्वारा अग्रेषित किया गया हो ।

(ख) नियम 7 के, उप नियम (1) में, परन्तुक के लिए निम्नलिखित परन्तुक प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"बशर्ते कि अनुसूचित जातियों अथवा अनुसूचित जन-जातियों से सम्बन्धित उम्मीदवारों के लिए उस सीमा तक जहां तक अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जन-जाति के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित रिक्त स्थानों को सामान्य स्तर के आधार पर न भरा जा सकता हो, आरक्षित कोटे की इस कमी को पूरा करने के लिए स्तर को शिथिल करके आयोग द्वारा नियुक्ति की सिफारिश की जा सकती है,

पर शर्त यह है कि ये उम्मीदवार इन सेवाओं और पदों पर, परीक्षा में प्राप्त योग्यता और क्रम का विचार किए बिना, नियुक्ति के योग्य हों ।

[सं० 35/9/61-स्थापना-1]

शिव शंकर खत्री, अवर सचिव,

MINISTRY OF COMMUNICATIONS
(Posts & Telegraphs Board)

New Delhi, the 14th February 1972

G.S.R. 398.—In exercise of the powers conferred by section 7 of the Indian Telegraph Act, 1885 (13 of 1885), the Central Government hereby makes the following rules further to amend the Indian Telegraph Rules, 1951, namely:—

1. (1) These rules may be called the Indian Telegraph (Amendment) Rules, 1972.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the official Gazette.

2. In the Indian Telegraph Rules, 1951, after rule 519, the following rule shall be inserted, namely:—

"519-A. (1) No rebate or refund shall be admissible to a subscriber by reason of breakdown, disrepair, interruption, disturbance, stoppage of communication or of any other cause whatsoever.

(2) The telegraph authority shall endeavour to repair and restore the communication and the subscriber shall render all reasonable assistance in doing so.

[No. 43-1/71-TI.]

G. H. WILLIAMS,
Controller of Telegraph Traffic.

संचार मंत्रालय

(डाक तार बोर्ड)

नई दिल्ली, 14 मार्च 1972

सा०का०नि० 398.—भारतीय तार अधिनियम, 1885 (1885 का 13) के खण्ड 7 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, 1951 के भारतीय तार नियमों में आगे संशोधन करने के लिए केन्द्रीय सरकार निम्नलिखित नियम बनाती है, जिसका नाम इस प्रकार होगा :—

1. (1) इन नियमों को भारतीय तार (————— संशोधन) नियम, 1972 कहा जायेगा ।

(2) ये सरकारी राजपत्र में इनके प्रकाशित होने की तारीख से प्रवृत्त माने जाएंगे ।

2. भारतीय तार नियम, 1951 में नियम 519 के बाद निम्नलिखित नियम निविष्ट किया जाएगा, जिसका नाम इस प्रकार होगा :—

519-क(1) कोई भी उपभोक्ता काम का सिलसिला टूटने, मरम्मत, अवरोध, गड़बड़ी, संचार के बन्द होने अथवा अन्य कोई कारण , जो भी हो, की वजह से किसी भी प्रकार की घटौती या धन-वापसी के लिए ग्राह्य नहीं होगा ।

(2) तार प्राधिकारी मरम्मत करने तथा संचार की पुर्नस्थापना का प्रयास करेंगे तथा ऐसा करते समय उपभोक्ता भी सभी प्रकार की उचित सहायता करेगा" ।

[सं० 43-1/71-टी-1]

(जी० एच० विलियम्स,
तार परियात नियंत्रक ।

MINISTRY OF STEEL AND MINES
(Department of Mines)

New Delhi, the 14th March 1972

G.S.R. 399.—In exercise of the powers conferred by section 13 of the Mines and Minerals (Regulation and Development) Act, 1957 (67 of 1957), the Central Government hereby makes the following rules further to amend the Mineral Concession Rules, 1960 namely:—

1. (1) These rules may be called the Official Concession (Second Amendment) Rules, 1972.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Mineral Concession Rules, 1960, in schedule I, for Form C, the following form shall be substituted namely:—

FORM C

Income Tax Clearance Certificate [*See* rules 9(2)(b), 14(1)(vi), 22(3)(i)(b), 37(2), 42(1)(b) and 46(1).]

1. Name and style of the company, firm, HUF or Individual in which the applicants assessed or assessable to Income-tax and address for the purpose of assessment .....

2. Name and address of all companies, firms or association of persons in which the applicant is substantially interested in his individual or fiduciary capacity.

NOTE.—For the purpose of clause (2) above the words "substantially interested" would have the same meaning as in explanation to section 40A(2) of the Income Tax Act, 1961.

3. The Income Tax Circle/Ward/District in which the applicant is assessed to income-tax and the G.I.R. No.

4. The following particulars are to be furnished concerning the income tax assessments for the preceeding five years.

Year	Total income assessed	Tax demanded	tax paid	Balance due
1	2	3	4	5

5. The total contract amount received by the applicant whose name is mentioned against (1) above during the proceeding five accounting years (give date of the closing day of the previous year) being previous years of.

NOTE.—1. Tax in columns 3 and 4 of clause 4 include all items *viz.* IT S.T., Surcharge, E.P.T. and B.P.T.

2. If any tax remains unpaid the reasons should be explained in an attached statement.

6. In case there has been no I.T. assessment for any year, whether returns have been submitted under the section 139(1) and 139(2) and 133 of Income Tax Act, 1961 or tax has been paid in advance under section 210(3) of income-tax Act, 1951 and if so, the amount of income returned for each year and tax for each of the four years mentioned above and Income Tax Circle/ Ward/District concerned where such returns have been filed, give reasons for the same.

7. Whether any attachment or Certificate proceedings is pending in respect of the arrears. The name and address of branch(es) if any.

I declare that the above information is correct and complete to the best of my information and belief.

Signature of the contractor ..... Signature .....
Registration No. .....
Address .....
Date .....

I hereby certify that

A. (i) the assessee has furnished complete information abovt allcompanies in which he is substantially interested and the firms and association of persons in which he is a partner or member respectively.

(ii) the returns of income due from the assessee have been filed.

(iii) the assessee has paid all tax demands due other than those which have been stayed by competent authority.

(iv) the assessee has been cooperating with the Department in facilitating the completion of the pending assessments.

B. (i) There is no information before me that the companies in which the assessee is substantially interested and the firms and association of persons in which he is partner or member respectively are deliberately not filing the returns or not paying the tax demands or not cooperating with the Department in facilitating the completion of the pending assessments.

(ii) There is no information before me that persons having a substantial interest in the applicant company/being members of the applicant association/being partners of the applicant firm are deliberately not filing their returns of income or not paying their tax demands or not cooperating in facilitating the completion of the pending assessments.

This certificate is valid for a year from the date of issue.

Date ..... Signature of I.T.O. .....
Seal ..... Circle/Ward/District .....
.....

[No. F. 1(33)/71-MVI.]

HARSHA GUPTA, Under Secy.

इस्पात और खान मंत्रालय

(खान विभाग)

नई दिल्ली, 14 मार्च, 1972

सा० का० नि० 399.—खान और खनिज (विनियम और विकास) अधिनियम, 1957 (1957 का 67) की धारा 13 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये, केन्द्रीय सरकार खनिज रियायत नियम, 1960 में और आगे संशोधन करने के लिये, निम्नलिखित नियम एतद्द्वारा बनाती है, अर्थात् :—

1. (1) इन नियमों का नाम खनिज रियायत (द्वितीय संशोधन) नियम, 1972 होगा ।

(2) ये शासकीय राजपत्र में अपने प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

2. खनिज रियायत नियम, 1960 में, अनुसूची I में, प्ररूप 'ग' के स्थान पर निम्नलिखित प्ररूप प्रतिस्थापित किया जायेगा, अर्थात् :—

"प्ररूप ग"

[आय कर समाशोधन प्रमाणपत्र

[नियम 9(2)(ख), 14 (1) (vi), 22(3)(i)(ख), 37(2), 42 (1)(ख) और 46 (1) देखिये)]

1. (कम्पनी, फर्म, हिन्दू अविभक्त कुटुम्ब अथवा व्यक्ति का) नाम और अभिनाम, जिसमें आवेदकों पर आयकर निर्धारित किया गया है अथवा वे आय कर के लिये निर्धारणीय हो और निर्धारण के प्रयोजन के लिये पता ....

2. उन सभी कम्पनियों, फर्मों अथवा व्यक्तियों के संगम का नाम और पता जिसमें आवेदक अपनी व्यक्तिगत अथवा वैश्वासिक हैसियत से सारतः हितबद्ध है ।

टिप्पण—उपर्युक्त खण्ड (2) के प्रयोजन के लिये "सारतः हितबद्ध" शब्दों का वही अर्थ होगा जो आय कर अधिनियम, 1961 की धारा 40क (2) के स्पष्टीकरण में है ।

3. आय कर सर्किल/वार्ड/जिला जिसमें आवेदक पर आय कर निर्धारित किया गया है और जी०आई० आर० संख्या ।

4. पूर्ववर्ती पांच वर्षों के लिये आय कर निर्धारण से सम्बन्धित निम्नलिखित विशिष्टियां दी जानी हैं :—

वर्ष	कुल निर्धारित आय	मांगा गया संदत्त कर	शोध्य प्रतिशेष
1	2	3	4	5

5. उस आवेदक द्वारा, जिसका नाम उपर्युक्त (1) के सामने उल्लिखित है, पूर्ववर्ती पांच लेखा वर्षों के दौरान (पूर्वतन वर्ष के अन्तिम दिन की तारीख दीजिये), पूर्वतन वर्ष होने के कारण, प्राप्त कुल संविदा-राशि ।

टिप्पण :—1. खण्ड 4 के स्तम्भ 3 और 4 में कर के अन्तर्गत सभी मदें, अर्थात् आयकर, बिक्री कर, अधिभार, इ० पी० टी० और बी० पी० टी० है ।

2. यदि कोई कर असन्दत्त रहता है तो संलग्न विवरण में उसके लिये कारण स्पष्ट करने चाहिये ।

6. यदि, किसी वर्ष आयकर निर्धारण नहीं किया गया है, तो क्या आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 139 (1) और 139(2) और 133 के अधीन विवरण प्रस्तुत किये गये हैं अथवा आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 210 (3) के अधीन कर का अग्रिम रूप से संदाय किया गया है और यदि ऐसा है, तो प्रत्येक वर्ष के लिये विवरणित आय की राशि और उपर-उल्लिखित चार वर्षों में प्रत्येक वर्ष के लिये कर और सम्बन्धित आयकर सर्किल/वार्ड/जिला, जहां इस प्रकार के विवरण फाइल किये गए है, उनके लिये कारण दीजिये ।

7. क्या बकाये के सम्बन्ध में कोई कुर्की अथवा प्रमाण-पत्र कार्यवाहियां लम्बित है । शाखा (शाखाओं), यदि कोई हो, का नाम और पता ।

मैं यह घोषणा करता हूं कि उपर्युक्त जानकारी मेरी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के अनुसार सही और पूर्ण है ।

संविदाकार के हस्ताक्षर.....हस्ताक्षर.....

रजिस्ट्रीकरण संख्या .....

पता .....

तारीख .....

मैं, एतद्द्वारा प्रमाणित करता हूं कि,

क. (i) निर्धारिती ने उन सभी कम्पनियों के बारे में जिनमें वह सारतः हितबद्ध है, और उन फर्मों तथा व्यक्तियों के संगम के बारे में, जिनमें वह क्रमशः भागीदार अथवा सदस्य है, पूर्ण जानकारी दी है ।

(ii) निर्धारिती से शोध्य आय के विवरण फाइल किये गये हैं ।

(iii) निर्धारिती ने जो सक्षम प्राधिकारी द्वारा रोके गये हैं, उनसे भिन्न सभी शोध्य कर मांगों का संदाय किया है ।

(iv) निर्धारिती, लम्बित निर्धारणों की पूर्णता को सुकर बनाने में विभाग को सहयोग देता रहा है ।

ख. (i) मेरे पास ऐसी कोई जानकारी नहीं है कि वे कम्पनियां जिनमें निर्धारिती सारतः हितबद्ध है और वे फर्में तथा व्यक्तियों के संगम, जिसमें या जिसमें वह क्रमशः भागीदार अथवा सदस्य है, जानबूझ कर विवरण फाइल नहीं कर रहे हैं अथवा कर मांगों का संदाय नहीं कर रहे हैं, अथवा लम्बित निर्धारणों की पूर्णता को सुकर बनाने में विभाग को सहयोग नहीं दे रहे हैं ।

(ii) मेरे पास ऐसी कोई जानकारी नहीं है कि कम्पनी में सारतः हित रखने वाले आवेदक संगम के सदस्य होने वाले/आवेदक की फर्म के भागीदार होने वाले व्यक्ति जानबूझ कर अपनी आय के विवरण फाइल नहीं कर रहे हैं अथवा अपनी कर-मांगों का संदाय नहीं कर रहे हैं अथवा लम्बित निर्धारणों को पूर्णता को सुकर बनाने में विभाग को सहयोग नहीं दे रहे हैं ।

यह प्रमाणपत्र, जारी किये जाने की तारीख से एक वर्ष तक के लिये विधिमान्य है ।

तारीख.....आयकर अधिकारी के हस्ताक्षर.....

मोहर.....सर्किल/वार्ड/जिला.....

[सं० फा० 1(33)/71-एम० VI]

हर्ष गुप्त, अवर सचिव ।

MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY PLANNING

(Department of Health)

New Delhi, the 15th March 1972

S.O. 400.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules regulating to the method of recruitment to the post of Laboratory Attendant in the Jawaharlal Institute of Post-Graduate Medical Education and Research, Pondicherry, namely:—

1. **Short title and commencement.**—(1) These rules may be called the Jawaharlal Institute of Post-Graduate Medical Education and Research, Pondicherry (Laboratory Attendant) Recruitment Rules, 1971.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. **Number, classification and scale of pay.**—Number of posts, its classification and the scale of pay attached thereto shall be as specified in columns 2 to 4 of the Schedule annexed hereto.

3. **Method of recruitment, age limit, qualification, etc.**—The method of recruitment, age limit, qualifications and other matters connected therewith shall be as specified in columns 5 to 13 of the said schedule:

Provided that the upper age limit prescribed for direct recruitment may be relaxed in case of Scheduled Castes/Scheduled Tribes and other categories of persons in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time.

4. **Disqualification.**—No person,—

(a) who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living, or

(b) who, having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person shall be eligible for appointment to the said post.

Provided that the Central Government may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other to the marriage and there are other grounds for so doing exempt any person from the operation of this rule.

5. **Power to relax.**—Where the Central Government is of the opinion that it is necessary or expedient so to do, it may by order, for reasons to be recorded in writing and in consultation with the Union Public Service Commission relax any of the provision of these rules with respect to any Class or category of persons.

ANNEXURE I

JAWAHARLAL INSTITUTE OF POST GRADUATE MEDICAL EDUCATION AND RESEARCH

PONDICHERRY-6

Recruitment Rules for Laboratory Attendant

1.	Name of post . . .	Laboratory Attendant.
2.	Number of post . .	37
3.	Classification . . .	G.C.S. Class IV Non-gazetted non-ministerial.
4.	Scale of pay . . .	Rs. 80—1—85—2—95—EB—3—110/-
5.	Whether selection post or non-selection post.	Not Applicable.
6.	Age for direct recruits .	25 years and below.
7.	Educational and other qualifications required for direct recruits.	1. Passed Middle School Standard or equivalent Examinations. 2. Should have passed the Laboratory Attendant's course conducted by any recognised Institutions. OR Practical experience in laboratory work for at least one year.
8.	Whether age and Educational qualifications prescribed for direct recruits will apply in the case of promotees.	Not Applicable.
9.	Period of probation if any,	Two years.
10.	Method of recruitment, whether by direct recruitment or by promotion or by deputation transfer & percentage of the vacancies to be filled by various methods.	100% by direct recruitment.
11.	In case of recruitment by promotion/deputation/transfer, grades from which promotion/deputation transfer to be made.	Not Applicable.
12.	If a D.P.C. exist what is its composition.	Not Applicable.
13.	Circumstances in which UPSC is to be consulted in making recruitment.	Not Applicable.

[No. F. 3-72/69-ME(PG).]

स्वास्थ्य और परिवार नियोजन मंत्रालय

(स्वास्थ्य विभाग)

नई दिल्ली, 15 मार्च, 1972

जी० एस० आर० 400 — संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये राष्ट्रपति एतद्द्वारा जवाहर लाल स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, पाण्डिचेरी में प्रयोगशाला परिचर के पद पर भर्ती की विधि को विनियमित करने के लिये निम्नलिखित नियम बनाते है, अर्थात् —

1. **संक्षिप्त शीर्षक और प्रारम्भ.**—(1) ये नियम जवाहर लाल स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, पाण्डिचेरी (प्रयोगशाला परिचर) भर्ती नियमावली 1971 कहलाये जा सकेंगे ।

(2) वे सरकारी राजपत्र में प्रकाशित होने की तारीख से लाग होंगे ।

2. **संख्या, वर्गीकरण तथा वेतनमान.**—पदों की संख्या उनका वर्गीकरण तथा वेतनमान वही होंगे जैसा कि उक्त अनुसूची के स्तम्भ 2 से 4 में निर्दिष्ट हैं ।

3. **भर्ती की विधि, आयु सीमा, अर्हतायें आदि.**—उक्त पदों पर भर्ती की विधि, आयु सीमा, अर्हताये तथा अन्य बातें वही होंगी जैसा कि उक्त अनसूची के स्तम्भ 5 से 13 में निर्दिष्ट है ।

परन्तु केन्द्रीय सरकार द्वारा समय समय पर जारी किये गये सामान्य आदेशों के अनुसार अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति तथा अन्य विशेष प्रवर्गों के अन्य व्यक्तियों के मामले में

सीधी भर्ती के लिये निर्धारित अधिकतम आयु सीमा शिथिल की जा सकती है ।

4. **अनर्हता** —कोई व्यक्ति,

(क) जो किसी ऐसे व्यक्ति से विवाह करता/करती है अथवा विवाह की संविदा करता/करती है जिसका कि पति या जिसकी पत्नी जीवित हो, अथवा

(ख) जो व्यक्ति एक पति/एक पत्नी के जीवित रहते हुये किसी व्यक्ति के साथ विवाह करता/करती है अथवा विवाह की संविदा करता/करती है,

सेवा मे नियुक्ति का पात्र नही होगा ।

परन्तु केन्द्रीय सरकार यह समाधान होने पर कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति और विवाह के दूसरे पक्षकार पर लागू होने वाली विधि के अधीन अनुज्ञेय है, और ऐसा करने के अन्य आधार है, किसी भी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकती है ।

5. **शिथिल करने की शक्ति** —जहा केन्द्रीय सरकार का यह मत हो कि ऐसा करना आवश्यक अथवा इष्टानकूल है वहा वह कारणो को लिखित रूप मे रिकार्ड करके किसी भी श्रेणी अथवा वर्ग के व्यक्तियो के मामले मे इन नियमो के किसी भी उपबन्ध को आदेश जारी कर शिथिल कर सकती है ।

अनुसूची

पद का नाम	पदो की सख्या	वर्गीकरण	वेतनमान	पद सलैक्शन है अथवा नान-सलैक्शन	सीधी भर्ती के लिये आयु सीमा	सीधी भर्ती के लिये अपेक्षित शैक्षिक तथा अन्य अर्हताये	क्या पदोन्नति से रखे जाने वाले उम्मीदवारों के मामले मे प्रत्यक्ष भर्ती किये जाने वाले व्यक्तियो के लिये निर्धारित आयु और शैक्षिक अर्हताये लागू होगी	परिवीक्षा की अवधि यदि कोई हो	भर्ती का तरीका सीधी भर्ती द्वारा या पदोन्नति के द्वारा अथवा स्थानान्तरण के द्वारा तथा विभिन्न तरीको द्वारा भरे जाने वाले पदो की प्रतिशतता	पदोन्नति प्रतिनियुक्ति स्थानान्तरण के द्वारा भर्ती के मामले मे वह ग्रेड जिससे पदोन्नति/प्रतिनियुक्ति/स्थानान्तरण किया जाना है	यदि विभागीय पदोन्नति समिति है तो उसका क्या गठन है	परिस्थितिया जिनमे भर्ती के लिये सघीय लोक सेवा आयोग से परामर्श लिया जाता है
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13
प्रयोगशाला परिचर	37	सामान्य केन्द्रीय सेवा श्रेणी-4 अराजपत्रित अनुसचिवीय	80-1-85-2-95-ई०रो०-3 110 रु०	लागू नही होता	25 वर्ष एव उससे कम ।	1. मिडिल स्कूल पास अथवा उसके समकक्ष 2. किसी मान्यता प्राप्त सस्थान से प्रयोगशाला परिचर का कोर्स पास किया होना चाहिये । अथवा प्रयोगशाला कार्य का कम से कम 2 वर्ष व्यवहारिक अनुभव ।	लागू नही होता	2 वर्ष	100 प्रतिशत सीधी भर्ती द्वारा ।	लागू नही होता ।	लागू नही होता ।	लागू नही होता ।

[सं० प० 3-72/69-एम ई (पी जी)]

G.S.R. 401.—In exercise of the powers conferred by the Proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules regulation the method of recruitment to the post of Gas Plant Attendent in the Jawaharlal Institute of Post-graduate Medical Education and Research, Pondicherry, namely:—

1. **Short title and commencement.**—(1) These rules may be called the Jawaharlal Institute of Post Graduate Medical Education and Research, Pondicherry (Gas Plant Attendant) Recruitment Rules, 1971. (2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. **Number, classification and scale of pay.**—Number of post its classification and the scale of pay attached thereto shall be as specified in column 2 to 4 of the Schedule annexed hereto.

3. **Method of recruitment, age limit, qualification, etc.**—The method of recruitment, age limit, qualification and other matters connected therewith shall be as specified in columns 5 to 13 of the said schedule.

4. Provided that the upper age limit prescribed for direct recruitment may be relaxed in case of Scheduled Castes/Scheduled Tribes and other categories of persons in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time.

4. **Disqualification.**—No person:

(a) who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living, or

(b) who, having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person, shall be eligible for appointment to the said post.

Provided that the Central Government may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other to the marriage and there are other grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule.

5. **Power to relax.**—Where the Central Government is of opinion that it is necessary or expedient so to do, it may by order, for reasons to be recorded in writing and in consultation with the Union Public Service Commission relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category of persons.

ANNEXURE I

JIPMER PONDICHERRY—6

Recruitment Rules for Gas Plant Attendant

1.	Name of the post . .	Gas Plant Attendant
2.	No. of posts . . .	1
3.	Classification . . .	General Central Service Class IV Non-gazetted Non-ministerial.
4.	Scale of pay . . .	Rs. 80—1—85—2—95—EB—3—110/-.
5.	Whether selection post or non-selection post.	Non-Selection.
6.	Age for direct recruits	Not Applicable.
7.	Education and other qualifications required for direct recruits.	Not Applicable.
8.	Whether age and Educational Qualifications prescribed for direct recruits will apply in the case of promotees.	Not Applicable.
9.	Period of probation, if any,	Two years.
10.	Method of recruitment, whether by direct recruitment or by promotion or by deputation/transfer & percentage of the vacancies to be filled by various methods.	100% By Promotion.
11.	In case of recruitment by promotion/deputation/transfer, grades from which promotion/deputation/transfer to be made.	From Workshop Attendant who have rendered not less than three years service in the grade.
12.	If a D.P.C. Exists what is its composition.	Class IV D.P.C.
13.	Circumstances in which UPSC is to be consulted in making recruitment.	Not Applicable.

[No. F. 3-72/69-ME(PG).]

N. S. BHATIA, Under Secy.

जी० एस० आर० 401.—संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये राष्ट्रपति एतद्द्वारा जवाहर लाल स्नाकोत्तर चिकित्सा, शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, पाण्डिचेरी में गैस प्लांट परिचर के पद पर भर्ती की विधि को विनियमित करने के लिये निम्नलिखित नियम बनाते है, अर्थात् :

1. **संक्षिप्त शीर्षक और प्रारम्भ.**—(1) ये नियम जवाहर लाल स्नातकोत्तर चिकित्सा, शिक्षा एवं अनुसंधान सस्थान, पाण्डिचेरी (गैस प्लांट) भर्ती नियमावली, 1971 कहलाये जा सकेंगे।

(2) वे सरकारी राजपत्र में प्रकाशित होने की तिथि से लागू होंगे।

2. **संख्या, वर्गीकरण तथा वेतनमान.**— पदों की संख्या उनका वर्गीकरण तथा वेतनमान वही होगे जैसा कि उक्त अनुसूची के स्तम्भ 2 से 4 में निर्दिष्ट हैं।

3. **भर्ती की विधि, आयु सीमा, अर्हतायें आदि.**—उक्त पदों पर भर्ती की विधि, आयु सीमा, अर्हताये तथा अन्य बातें वही होंगी जैसा कि अनुसूची के स्तम्भ 5 से 13 में निर्दिष्ट हैं।

परन्तु केन्द्रीय सरकार द्वारा समय समय पर जारी किये गये सामान्य आदेशों के अनुसार अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति तथा अन्य विशेष प्रवर्गों के अन्य व्यक्तियो के मामले में सीधी भर्ती के लिये निर्धारित अधिकतम आयु सीमा शिथिल की जा सकती है।

4. **अनर्हता** : कोई व्यक्ति.—

(क) जो किसी ऐसे व्यक्ति से विवाह करता/करती है अथवा विवाह की संविदा करता/करती है जिसका कि पति या जिसकी पत्नी जीवित हो, अथवा

(ख) जो व्यक्ति एक पति/एक पत्नी के जीवित रहते हुये किसी व्यक्ति के साथ विवाह करता/करती है अथवा विवाह की संविदा करता/करती है

सेर्वा में नियुक्त का पात्र नहीं होगा।

परन्तु केन्द्रीय सरकार यह समाधान होने पर कि ऐसा विवाह से व्यक्ति और विवाह के दूसरे पक्षकार पर लाग होने वाली विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के अन्य आधार है, किसी भी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकती है।

5. **शिथिल करने की शक्ति.**—जहां केन्द्रीय सरकार का यह मत हो कि कि ऐसा करना आवश्यक अथवा इष्ठानुकूल है वहां वह कारणों को लिखित रूप में रिकार्ड करके किसी भी श्रेणी अथवा वर्ग के व्यक्तियों के मामले में इन नियमों के किसी भी उपबन्ध को आदेश जारी कर शिथिल कर सकती है।

अनसूची

पद का नाम	पदों की संख्या	वर्गीकरण	वेतनमान	पद सलैक्शन है अथवा नान-सलैक्शन	सीधी भर्ती के लिये आयु सीमा	सीधी भर्ती के लिये अपेक्षित शैक्षिक तथा अन्य अर्हतायें
1	2	3	4	5	6	7
गैस प्लांट परिचर	1	सामान्य केन्द्रीय सेवा अराजपत्रित अनमुसचिवीय।	80–1–85–2–95–द०रो०–3 110 रु०	नान-सलैक्शन	लागू नहीं होता।	लागू नहीं होता।

क्या पदोन्नति से रखे जाने वाले उम्मीदवारों के मामले में प्रत्यक्ष भर्ती किये जाने वाले व्यक्तियों के लिये निर्धारित आयु और शैक्षिक अर्हतायें लागू होंगी।	परिवीक्षा की अवधि यदि कोई हो	भर्ती का तरीका सीधी भर्ती द्वारा या पदोन्नति के द्वारा अथवा स्थानान्तरण के द्वारा तथा विभिन्न तरीकों द्वारा भरे जाने वाले पदों की प्रतिशतता।	पदोन्नति प्रतिनियुक्ति स्थानान्तरण के द्वारा भर्ती के मामले में वह ग्रेड जिससे पदोन्नति प्रतिनियुक्ति स्थानान्तरण किया जाता है।	यदि विभागीय पदोन्नति समिति है तो उसका क्या गठन है।	परिस्थितियां जिनमें भर्ती के लिये संघीय लोक वा आयोग से परामर्श लिया जाता है।
8	9	10	11	12	13
लागू नहीं होता।	2 वर्ष।	100 प्रतिशत सीधी भर्ती द्वारा।	कर्मशाला परिचरों में से जिन्होंने इस ग्रेड में कम से कम तीन वर्ष की सेवायें की हों।	चतुर्थ श्रेणी विभागीय पदोन्नति समिति।	लागू नहीं होता।

[सं० प० 3–72/69-एम ई (पी जी)]

एन० एस० भाटिया, अवर सचिव।

(Department of Health)

CORRIGENDUM

New Delhi, the 14th March 1972

G.S.R. 402.—In the notification of the Government of India in the Ministry of Health and Family Planning and Works, Housing and Urban Development (Department of Health) No. G.S.R. 992 (F. 14-100/66-H), dated the 4th June, 1971, published on pages 2562-2564 of the Gazette of India, Part II, Section 3, Sub-Section (i) dated the 3rd July, 1971, on page 2562,—

(i) in line 42 for "(q)" read "(r)".

(ii) in line 43 for "(r)" read "(s)".

[No. F. 14-100/66-P.H.]

K. SATYANARAYANA, Under Secy.

(स्वास्थ्य विभाग)

शुद्धि पत्र

नई दिल्ली, 14 मार्च 1972

जी० एस० आर० 402.—भारत के राजपत्र के भाग 2 खण्ड 3 उपखण्ड (i) दिनांक 3 जुलाई 1971 के पृष्ठ 2565–2569 में प्रकाशित भारत सरकार स्वास्थ्य परिवार नियोजन निर्माण और आवास एव नगर विकास मंत्रालय स्वास्थ्य विभाग) की अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० 992 (एफ० 14–100/66/जन स्वा०) दिनांक 4 जून 1971 (हिन्दी अनुवाद) में :—

(1) पंक्ति 36 में "(घ) के लिये "(द)" पढ़ें।

(2) पंक्ति 37 में "(द)" के लिये "(घ)" पढ़ें।

[सं० प० 14–100/66–जन स्वा०]

के० सत्यनारायण, अवर सचिव।

MINISTRY OF LABOUR AND REHABILITATION

(Department of Labour and Employment)

(D. G. E. & T.)

New Delhi, the 13th March 1972

G.S.R. 403.—In pursuance of clause (a) of sub-section (4) of section 1 of the Apprentices Act, 1961 (52 of 1961), the Central Government hereby makes, with effect from the date of publication of this notification in the Official Gazette, the following further amendment in the notification of the Government of India in the late Ministry of Labour and Employment GSR-247 dated the 12th February, 1962, namely:—

In the said notification, after the existing entries, the following entries shall be inserted, namely:—

Major Group (Code)	Description	Minor Group (Code)
"85. Business Services.	Business services rendered by professional organisations or individuals such as those of advertising and publicity agencies.	852
	Business services rendered by professional organisations or individuals such as of those rendered by news-agency, newspaper correspondent, columnist, journalists, editors, authors.	853
86. Community Services and Trade and Labour Associations.	Community services such as those rendered by public libraries, museums, botanical and zoological gardens etc.	862
87. Recreation Services.	Recreation services rendered by cinema houses by exhibition of motion pictures.	871
88. Personal Services.	Laundry services rendered by organisation and individuals this includes all types of cleaning dyeing, bleaching, dry cleaning services.	883
	Hair dressing, other services rendered by organisations and individuals such as those by barber, hair dressing saloon and beauty shops.	884."

[No. 1(1)/68-AP]

G. JAGANNATHAN, Dy. Secy.

श्रम और पुनर्वास मंत्रालय

[श्रम और रोजगार विभाग (रो० प्र० महानिदेशालय)]

नई दिल्ली, 13 मार्च, 1972

सा०का०नि० 403.—शिक्षु अधिनियम, 1961, 1961 का 52) की धारा 1 की उपधारा (4) के खंड (क) के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार एतद् द्वारा, इस अधिसूचना के सरकार राजपत्र में प्रकाशित होने की तारीख से, भारत सरकार के भूतपूर्व श्रम और रोजगार मंत्रालय की अधिसूचना संख्या सा० का० नि० 247, दिनांक 12 फरवरी, 1962 में निम्नलिखित और संशोधन करती है, अर्थात् :—

उक्त अधिसूचना में, वर्तमान प्रविष्टियों के बाद, निम्नलिखित प्रविष्टियां जोड़ी जायेंगी :—

मेजर ग्रुप (कोड)	विवरण	माइनर ग्रुप (कोड)
"85 व्यापार सेवा	व्यावसायिक संगठनों या व्यक्तियों द्वारा की गई व्यापार सेवाएं जैसे विज्ञापन तथा प्रचार अभिकरणों की सेवाएं	852
	व्यावसायिक संगठनों या व्यक्तियों द्वारा की गई व्यापार सेवायें जैसे समाचार-अभिकरण, समाचार संवाददाता, स्तभं लेखक, पत्रकारों, सम्पादकों, लेखकों द्वारा की गई व्यापार सेवायें	853
86 सामुदायिक सेवायें और ट्रेड तथा मजदूर संघ	सामुदायिक सेवायें जैसे सार्वजनिक पुस्तकालयों, संग्रहालयों, वनस्पति तथा जन्तुशालाओं आदि द्वारा की गई सेवायें	862
87 मनोरंजन सेवायें	चल चित्रों के प्रदर्शन द्वारा सिनेमा-घरों में की गई मनोरंजन सेवायें	871
88. वैयक्तिक सेवायें	संगठनों तथा व्यक्तियों द्वारा की गई लौंड्री सेवायें। इनमें हर प्रकार की क्लीनींग, ड्राइंग, ब्लीचिंग, ड्राई क्लीनिंग सेवायें शामिल हैं।	883
	संगठनों तथा व्यक्तियों जैसे नाई, हेयर ड्रैसिंग सैलून और ब्यूटी शोप्स द्वारा की गई हेयर ड्रैसिंग तथा अन्य सेवाएं।	884

[संख्या 1 (1)/68-ए० पी०]

ग० जगन्नाथ, उप-सचिव।

MINISTRY OF AGRICULTURE

(Department of Agriculture)

New Delhi, the 16th November, 1971

G.S.R. 404.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules regulating the method of recruitment to the post of Assistant Director (Accounts) in the Ministry of Agriculture (Department of Agriculture); namely:—

1. **Short title and commencement.**—(1) These rules may be called the Department of Agriculture, Assistant Director (Accounts) Recruitment Rules, 1971.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. **Application.**—These rules shall apply to the post specified in column 1 of the Schedule annexed hereto.

3. **Number, classification and scale of pay.**—The number of the said post, its classification and the scale of pay attached thereto shall be as specified in columns 2 to 4 of the said Schedule.

4. **Method of recruitment, age limit, qualifications etc.**—The method of recruitment, age limit, qualifications and other matters relating to the said post, shall be specified in columns 5 to 13 of the Schedule aforesaid.

5. **Disqualifications.**—No person,—

(a) who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living, or

(b) who, having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person,

shall be eligible for appointment to the said post:

Provided that the Central Government may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage and there are other grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule.

6. **Power to relax.**—Where the Central Government is of opinion that it is necessary or expedient so to do, it may, by order, for reasons to be recorded in writing, and in consultation with the Union Public Service Commission, relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category of persons.

SCHEDULE

Name of Post	No. of Posts	Classification	Scale of pay	Whether Selection Post or Non-selection Post.
1	2	3	4	5
Assistant Director (Accounts)	1	General Central Service, Class I, Gazetted.	Rs. 400—400—450—30—600—35—670—EB—35—950.	Not applicable

Age for direct recruits	Educational and other qualifications required for direct recruits.	Whether age and educational qualifications prescribed for direct recruits will apply in the case of Promotees.	Period of probation, if any.	Method of rectt. whether by direct rectt. or by promotion or by deputation/transfer & percentage of the vacancies to be filled by various methods.
6	7	8	9	10
Not applicable	Not applicable	Not applicable	Not applicable	By transfer on deputation.

In case of rectt. by promotion/deputation/transfer, grades from which promotion/deputation/transfer to be made.	If a D.P.C. exists, what is its composition	Circumstances in which U.P.S.C. is to be consulted in making rectt.
11	12	13
Transfer on deputation		
Accounts Officers/Audit Officers, or S.A.S. Accountants with 10 years service in the grade, from any of the Organised Accounts Departments e.g. Indian Audit and Accounts Department, Indian Defence Accounts Departments, Indian Railway Accounts Department, etc.	Not applicable	As required under the Union Public Service Commission (Exemption from Consultation) Regulations, 1958.
(Period of deputation—ordinarily not exceeding 3 years).		

[No. A. 12018/7/70-Estt. I]

S. N. SINHA, Under Secy.

कृषि मंत्रालय

(कृषि विभाग)

नई दिल्ली, 16 नवम्बर, 1971

जी०एस०आर० 404.—राष्ट्रपति संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कृषि मंत्रालय (कृषि विभाग) में सहायक निदेशक (लेखा) के पद पर भर्ती की पद्धति को विनियमित करने वाले निम्नलिखित नियम एतद्द्वारा बनाते हैं, अर्थात् :—

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ.**—(1) इन नियमों का नाम कृषि विभाग, सहायक निदेशक (लेखा) भर्ती नियम, 1971 होगा ।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

2. **लागू होना.**—ये नियम इससे उपाबद्ध अनुसूची के स्तंभ 1 में विनिर्दिष्ट पद को लागू होंगे ।

3. **संख्या, वर्गीकरण और वेतनमान.**—उक्त पद की संख्या, उसका वर्गीकरण और उसका वेतनमान वे होंगे जो उक्त अनुसूची के स्तंभ 2 से 4 तक में विनिर्दिष्ट हैं ।

4. **भर्ती की पद्धति-आयु-सीमा, अर्हताएं आदि :**—उक्त पद पर भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं और उससे संबंधित अन्य बातें वे होंगी जो पूर्वोक्त अनुसूची के स्तंभ 5 से 13 तक में विनिर्दिष्ट हैं ।

5. **निरर्हताएं**—वह व्यक्ति—

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है, या

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित होते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है ;

उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा :

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार का समाधान हो जाए कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार मौजूद हैं तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी ।

6. **शिथिल करने की शक्ति.**—जहां केन्द्रीय सरकार की राय हो कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है वहां वह, उसके लिए जो कारण हैं उन्हें लेखबद्ध करके तथा संघ लोग सेवा आयोग से परामर्श करके, इन नियमों के किसी उपबंध को, किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों की बाबत, आदेश द्वारा, शिथिल कर सकेगी ।

अनुसूची

पद का नाम	पदों की संख्या	वर्गीकरण	वेतनमान	चयन पद अथवा अचयन पद	सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए आयु
1	2	3	4	5	6
सहायक निदेशक (लेखा)	एक	साधारण केन्द्रीय सेवा, वर्ग 1, राजपत्रित	400–400–450–30–600–35–670 द०रो०–35–950 रु०	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता

सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य अर्हताएं	सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हताएं प्रोन्नतों की दशा में लागू होंगी या नहीं	परिवीक्षा की अवधि यदि हो
7	8	9
लागू नहीं होता	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता

भर्ती की पद्धति—भर्ती सीधे होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति/स्थानान्तरण द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों का प्रतिशत	प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति/स्थानान्तरण द्वारा भर्ती की दशा में वे श्रेणियां जिनसे प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति/स्थानान्तरण किया जाएगा	यदि विभागीय प्रोन्नति समिति है तो उसकी संरचना	भर्ती करने में किन परिस्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा
10	11	12	13
प्रतिनियुक्ति पर स्थानान्तरण द्वारा	**प्रतिनियुक्ति पर स्थानान्तरण :** किसी भी संगठित लेखा विभाग, अर्थात भारतीय संपरीक्षा और लेखा विभाग, भारतीय रक्षा लेखा विभाग, भारतीय रेल लेखा विभाग, आदि के ऐसे लेखा अधिकारियों/संपरीक्षा अधिकारियों, या एस०ए०एस० लेखापालों में से जिन्होंने उस श्रेणी में दस वर्ष सेवा की हो। (प्रतिनियुक्ति की अवधि सामान्यतः तीन वर्ष से अधिक न होगी)	लागू नहीं होता	संघ लोक सेवा आयोग (परामर्श से छूट) विनियम, 1958 के अधीन यथा अपेक्षित ।

[सं० ए० 12018/7/70-स्था० 1.]

सो० ना० सिन्हा, अवर सचिव।

MINISTRY OF HOME AFFAIRS

New Delhi, the 7th March 1972

G.S.R. 405.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules regulating the method of recruitment to the post of Storekeeper in the Bureau of Police Research and Development, Ministry of Home Affairs, namely:—

1. **Short title and commencement.**—(1) These rules may be called the Bureau of Police Research and Development (Storekeeper) Recruitment Rules, 1972.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. **Number of posts, Classification and scale of pay.**—The number of post, its classification and the scale of pay attached thereto shall be as specified in columns 2 to 4 of the Schedule hereto annexed.

3. **Method of recruitment, age limit, qualifications and other matters.**—The method of recruitment to the said post, age limit, qualifications and other matters connected therewith shall be as specified in columns 5 to 13 of the said Schedule:

Provided that the maximum age limit specified in column 6 of the said Schedule in respect of direct recruits may be relaxed in the case of candidates belonging to any of Scheduled Castes or Schedule Tribes or any other special category in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time.

4. **Disqualifications.**—No person:—

(a) who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living, or

(b) who, having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person, shall be eligible for appointment to the said post:

Provided that the Central Government may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage and there are other grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule.

5 **Power to Relax.**—Where the Central Government is of opinion that it is necessary or expedient so to do, it may, by order for reasons to be recorded in writing, relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category of persons.

6. **Saving.**—Nothing in these rules shall effect reservations and other concessions required to be provided for Scheduled Castes and Scheduled Tribes and other special categories of persons in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard.

SCHEDULE

Recruitment Rules for the Post of Storekeeper in the Bureau of Police research and Development (Ministry of Home Affairs)

Name of Post.	No. of posts.	Classification	Scale of pay	Whether Selection post or non-selection post	Age for direct recruits	Educational and other qualifications required for direct recruits.	Whether age and educational qualifications prescribed for direct recruits will apply in the case of promotees.
1	2	3	4	5	6	7	8
Storekeeper	1	General Central Services Class III Non-Ministerial Non-Gazetted.	Rs. 130-5-160-8-200-EB-8-256-EB-8-280-10-300.	Selection post	18-30 years.	(a) Matriculation 1st or 2nd Division (with science subjects) (b) 2 years experience of handling of arms and ammunition stores.	No.

period of probation if any	Method of rectt. whether by direct rectt. or by promotion or by deputation/transfer & percentage of the vacancies to be filled by various methods	In case of recruitment by promotion / deputation transfer, grades from which promotion/deputation transfer to be made	If a DPC exists, what is its Composition	Circumstances in which U.P.S.C. is to be consulted in making recruitments.
9	10	11	12	13
2 years	By promotion failing which by transfer or deputation failing which by direct recruitment	*Promotion* : — From amongst Head Constables who have put in not less than 3 years of service and having experience of handling arms and ammunition. *Tranfer*:— From amongst persons working in Police or Defence Services in equivalent grades or posts. *Deputation* : Of person holding equivalent or similar posts of persons working in next lower posts with experience of handling arms and ammunition. (Period of deputation ordinarily not exceeding 3 years,	Class III DPC.	Not Applicable

[No. 6/7/70-BPR&D (Pers. I) (i).]

गृह मंत्रालय

नई दिल्ली 7 मार्च, 1972

सा० का० नि० 405—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, गृह मंत्रालय के पुलिस अनुसंधान और विकास ब्यूरों में भंडारी के पद पर भर्ती की पद्धति को विनियमित करने के लिये निम्नलिखित नियम एतद्द्वारा बनाते हैं ; अर्थात:—

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ**:—(1) इन नियमों का नाम पुलिस अनुसंधान और विकास ब्यूरो (भंडारी) भर्ती नियम, 1972 होगा ।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. **पद की संख्या, वर्गीकरण और वेतनमान.**—पद की संख्या, उसका वर्गीकरण और उससे सलग्न वेतनमान य होंगे जो इससे उपाबद्ध अनुसूची के स्तम्भ 2 से 4 तक में विनि—दष्ट हैं ।

3. **भर्ती की पद्धति, आयुसीमा, अर्हताएं और अन्य बातें**:—उक्त पद पर भर्ती की पद्धति, आयु—सीमा, अर्हताएं और उससे संबंधित अन्य बातें वे होंगी, जो उक्त अनुसूची के स्तम्भ 5 से 13 तक में विनिर्दिष्ट हैं :

परन्तु सीधे भर्ती किये जाने वाले व्यक्तियो के संबन्धी में उक्त अनुसूची के स्तम्भ 6 में विनिर्दिष्ट अधिकतम आयु—सीमा केन्द्रीय सरकार द्वारा समय—समय पर निकाले गये आदेशों के अनुसार किसी अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति या किसी अन्य विशेष प्रवर्ग के अभ्यर्थियों के मामले में शिथिल की जा सकेगी ।

4. **निरर्हताएं**:—वह व्यक्ति

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है, या

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित होते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है,

उक्त पद पर नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होगा :

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार का समाधान हो जाए कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिये अन्य आधार मौजूद हैं, तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी ।

5. **शिथिल करने की शक्ति**—जहां केन्द्रीय सरकार की राय हो कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है, वहां वह उसके लिये जो कारण हैं उन्हें लेखबद्ध करके, इन नियमों के किसी उपबन्ध को व्यक्तियों के किसी वर्ग या प्रवर्ग की बाबत, आदेश द्वारा, शिथिल कर सकेगी।

6. **व्यावृत्ति**—इन नियमों की कोई भी बात केन्द्रीय सरकार द्वारा इसके बारे में समय-समय पर निकाले गये आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों और व्यक्तियों के अन्य विशेष प्रवर्गों के लिये उपबन्ध के लिये अपेक्षित आरक्षणों और अन्य रियायतों को प्रभावी नहीं करेगी।

अनुसूची

पुलिस अनुसंधान और विकास ब्यूरो (गृह मंत्रालय) में भंडारी के पदों के लिए भर्ती नियम

पद का नाम	पदों की संख्या	वर्गीकरण	वेतनमान	चयन पद अथवा अचयन पद
1	2	3	4	5
भंडारी	1	साधारण केन्द्रीय सेवा, वर्ग III, अनुसचिवीय—अराजपत्रित	130-5-160-8-200-द०रो०-8-256-द०रो०-8-280-10-300 रु०	चयन पद

सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए युआ-सीमा	सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य अर्हताएं	सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हताएं प्रोन्नतों की दशा में लागू होंगी या नहीं	परिवीक्षा की अवधि यदि कोई हो
6	7	8	9
18-30 वर्ष	(क) मैट्रिकुलेशन प्रथम या द्वितीय श्रेणी (विज्ञान विषय सहित, (ख) आयुध और गोलाबारूद के भंडार के प्रबंध का 2 वर्ष का अनुभव।	नहीं	2 वर्ष

भर्ती की पद्धति—भर्ती सीधे होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति / स्थानान्तरण द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियो का प्रतिशत	प्रोन्नति / प्रतिनियक्ति स्थानान्तरण द्वारा भर्ती की दशा में वे श्रेणिय, जिनसे प्रोन्नति / प्रतिनियक्ति/ स्थानान्तरण किया जाएगा	यदि विभागीय प्रोन्नति समिति है तो उसकी संरचना	भर्ती करने में जिन परिस्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा ।
10	11	12	13
प्रोन्नति द्वारा, जिसके न होने पर अन्तरण द्वारा या प्रतिनियुक्ति पर जिसके न होने पर सीधी भर्ती द्वारा ।	: प्रोन्नति: हैड कान्स्टेबलों मे से, जिसने 3 वर्ष की सेवा की हो और जिसके पास आयवत और गोलाबारूद के प्रबंध का अनभव हो । अन्तरण : समतुल्य श्रेणियों मे या पदो पर पुलिस या रक्षा सेवा मे काम करने वाले व्यक्तियो में से । प्रतिनियुक्ति : समतुल्य या समरूप पद धारण करने वाले व्यक्तियों या उसके ठीक नीचे के पद पर काम करने वाले व्यक्तियो में से जिसके पास आयध और गोला–बारूद के प्रबन्ध का अनुभव हो । (प्रतिनियुक्ति की अवधि मामली तौर पर 3 वर्ष से अनधिक ।	वर्ग III विभागीय प्रोन्नति	लागू नही होना

[सं. 6/7/70-वी.पी.आर. एण्ड डी (पर्स-1) (i)]

G.S.R. 406.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules regulating the method of recruitment to the post of Accountant in the Bureau of Police Research and Development, Ministry of Home Affairs, namely:—

1. **Short title and commencement.**—(1) These rules may be called the Bureau of Police Research and Development (Accountant) Recruitment Rules, 1972.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. **Number of posts, Classification and scale of pay.**—The number of the post, its classification and the scale of pay attached thereto shall be as specified in columns 2 to 4 of the Schedule hereto annexed.

3. **Method of recruitment, age limit, qualifications and other matters.**—The method of recruitment to the said post, age limit, qualifications and other metters connected therewith shall be as specified in columns 5 to 13 of the said Schedule:

4. **Disqualifications.**—No person—

(a) who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living, or

(b) who, having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person,

shall be eligible for appointment to the said post

Provided that the Central Government may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage and there are other grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule.

5. **Power to Relax.**—Where the Central Government is of opinion that it is necessary or expedient so to do, it may, by order for reasons to be recorded in writing, relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category of persons.

6 **Saving.**—Nothing in these rules shall affect reservations and other concessions required to be provided for Scheduled Castes and Scheduled Tribes and other special categories of persons in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard.

SCHEDULE

Recruitment Rules for the post of Accountant in the Bureau of Police Research & Development (Ministry of Home Affairs,

Name of post	No. of posts	Classification	Scale of Pay	Whether Selection Post or non-selection post	Age for direct recruits	Educational and other qualifications required for direct recruits.	Whether age and educational qualifications prescribed for direct recruits will apply in the case of promotees
1	2	3	4	5	6	7	8
Accountant	One	General Central Services Class III, Non-gazetted, Ministerial.	Rs. 210—10—290—15—320—EB—15—380.	Not Applicable.	Not Applicable.	Not Applicable.	Not Applicable.

Period of probation if any	Method of recruitment whether by direct recruitment or by promotion or by deputation/transfer & percentage of the vacancies to be filled by various methods	In case of recruitment by promotion/deputation/transfer, grades from which promotion/deputation/ transfer to be made	If a D.P.C. exists, what is its composition	Circumstances in which U.P.S.C. is to be consulted in making recruitment
9	10	11	12	13
Not Applicable.	Transfer on Deputation	*Transfer on deputation* : Of persons in equivalent grades or Upper Division Clerks of Central or State Government Departments having five years experience in accounts work. (Period of deputation ordinarily not exceeding 3 years).	Not Applicable.	Not Applicable.

[No. 6/7/70-BPR&D(Pers. I) (ii).]

सा० का० नि० 406—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, गृह मंत्रालय के पुलिस अनुसंधान और विकास ब्यूरो में लेखापाल के पद पर भर्ती की पद्धति को विनियमित करने के लिए निम्नलिखित नियम एतद्द्वारा बनाते हैं, अर्थात् —

